<u>सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए एकता और अखण्ड़ता की शपथ ली</u>

बाधाएं आती हैं आएं, घिरे प्रलय की घोर घटाएं
देश की एकता के लिए, कदम मिलाकर चलना होगा

इन पंक्तियों के साथ आज दिनांक 31–10–2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म तिथि के उपलक्ष्य में **राष्ट्रीय एकता दिवस** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ एन.सी.सी. गीत "हम सब भारतीय हैं" – द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि व प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारत की एकता में पटेल जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्हीं के आदर्शों व सिद्धान्तों से प्रेरणा प्राप्त कर हमें भी देश की एकता व अखण्ड़ता में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में झाडू की तरह एकत्रित होकर काम करने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता कैप्टन विरेन्द्र सिंह (सेवानिवृत इण्डिन आर्मी) ने अपने वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस अनोखा

पर्व है, हम सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए । राष्ट्रीय एकता की मोटिवेशनल विडियो दिखाकर जात–पात से ऊपर ऊठकर केवल देश के लिए सब कुछ न्यौछावर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय एकता की शपथ हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द द्वारा दिलाई गई। मंच संचालन एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. पूजा सैनी द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. योगेश गोयल, एन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती रितु, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. राम चंद्र, डॉ. रेखा सैन और अन्य प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के स्वयंसेवकों ने "**एकता के लिए दौड़**" (Run for Unity) के द्वारा महाविद्यालय के आस–पास के क्षेत्र में एक–जुटता का संदेश दिया ।

इसके साथ ही महाविद्यालय में 29 अक्तूबर से 03 नवम्बर 2018 तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** भी मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती किरण आनन्द ने बताया कि इसके अंतर्गत भ्रष्टाचार मिटाएंगे, नया भारत बनाएंगे विषय पर निबन्ध लेखन और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। भाषण प्रतियोगिता 3 नवम्बर, 2018 को आयोजित की जाएगी ।